हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 13 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 रोज विद्यालय जाएं, अच्छी शिक्षा हासिल कर माता...



12 जल जीवन मिशन योजना पर करोड़ों खर्च पर तीन...






# फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

आवेदन की अंतिम तिथि 20/07/2024

फायर सेफ्टी के कोर्स
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972 12782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

Advt.





## आयोजन : विधायक ने कहा- मितानिन बहने स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़

# मितानिन को अब भटकने की जरूरत नहीं खाते में पहुंचेगी प्रोत्साहन राशि : रोहित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रदेश में मितानिन के रूप में काम कर रही महिलाओं को अब मानदेय के लिए कहीं भटकने की जरूरत नहीं होगी। आज से हर महीने सीधे उनके खाते में प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। उक्त बाते शुक्रवार को मितानित प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल होने गरियाबंद पहुंचे राजिम विधायक रोहित साहू ने कही। विधायक ने कहा कि मितानिन बहने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं। जिले के दूरस्थ और वानाचंल में भी अंतिम अंतिम छोर इन्होंने स्वास्थ्य की बागडोर संभाल रखी है। अपने काम के प्रति इनका लग्न और समर्पण कबीले तारीफे है। उन्होंने कहा कि पहले भी मितानिनों को बैंक में राशि दी जाती थी, लेकिन ये राशि ब्लाक स्तर पर अनियमित अंतराल पर आती थी और उसमें केंद्र, राज्य तथा स्वयं के अंश की जानकारी नहीं होती थी। इसके चलते मितानिनों को दो-तीन माह विलंब से प्रोत्साहन राशि मिलती थी। लेकिन नई व्यवस्था में मितानिन बहनों को प्रतिमाह राशि सीधे उनके बैंक खाते में मिलेगी जिसमें उनके केंद्र, राज्य और स्वयं के प्रोत्साहन राशि की जानकारी भी मितानिन पासबुक के माध्यम से मिलेगी। विधायक रोहित साहू ने आगे कहा कि प्रदेश की विष्णु देव सरकार ▶▶|शेष पेज 10 पर

### मितानिनों का पासबुक व शॉल देकर किया सम्मानित

गरियाबंद में इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने मितानिन बहनों से रूबरू बातचीत भी की और उन्हें मितानिन पासबुक देकर शाल एवं श्री फल से सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता बलदेव सिंह हुंदल, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, अनूप भोसले, मिलेश्वरी साहू, रेणुका साहू, बिंदु सिन्हा, तनु साहू, आसिफ मेमन, धनंजय नेताम के आलावा सरकारी अस्पताल के सभी चिकित्सक एवम स्टॉफ मौजूद थे।
मीडिया से चर्चा में विधायक ने कहा की यह हम सब के लिए बहुत ही गर्व की बात हैं। आज सीएम विष्णु देव साय ने मितानिन बहनों के पक्ष में अच्छी पहल शुरू की। अब हर महीने मितानिनों सीधे उनके खाते में राशि मिलेगी। आज उनके एक बटन दबाते ही एक साथ राज्य भर की मितानिन बहनों के खाते में 90 करोड़ 8 लाख 84 हजार 20 रुपए का अंतरण हो गया। इस राशि में केंद्र एवं राज्य के अंश के साथ ही मितानिन प्रोत्साहन राशि भी शामिल है। ये राशि 69 हजार 607 मितानिन बहनें, 3 हजार 448 मितानिन प्रशिक्षक, 289 ब्लॉक समन्वयक, 176 स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, 26 शहरी क्षेत्र समन्वयक एवं 285 मितानिन हेल्प डेस्क समन्वयक को राज्य स्तर से एक साथ भुगतान की गई।

## खबर संक्षेप





### सांसद और विधायक आज लफंदी में

**राजिम।** राजिम क्षेत्र के लफंदी गांव में 13 जुलाई को दोपहर 2 बजे मतदाता अभिनंदन यात्रा कार्यक्रम के तहत महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजिम विधायक रोहित साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद चंदूलाल साहू व पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता नेहरू साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में मतदाताओं का अभिनंदन किया जाएगा। श्री साहू ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों से आग्रह करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने कहा है।

### 17 को शुष्क दिवस घोषित

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा 17 जुलाई मोहर्रम के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने 17 जुलाई को जिले के सभी देशी, विदेशी मदिरा दुकानों एवं मद्यभण्डागार बंद रखने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी उप निरीक्षक गरियाबंद, राजिम एवं देवभोग को निर्देशित किया है कि अपने प्रभार क्षेत्र के समस्त मदिरा दुकान एवं मद्यभण्डागार के बंद होने के निश्चित समय के बाद सील करके 17 जुलाई को बंद रखना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिले के किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय-विक्रय, भाण्डारण एवं तस्करी पूर्ण नियंत्रण रखने एवं शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाने तथा जप्त करने की कार्यवाही हेतु आदेशित किया है।

# बिना अनुमति के विद्यालय परिसर के 15 वृक्षों की कटाई

### प्रधानपाठक निलंबित

**गरियाबंद।** पर्यावरण को बचाने एक पेड़ मां के नाम देश भर में मुहिम चल रही है। ऐसे में एक शिक्षक ने बगैर किसी अनुमति के स्कूल परिसर में लगे हरे भरे पेड़ की कटाई कर दी। इस बात की शिकायत जब जिला प्रशासन तक पहुंची तो कलेक्टर ने पेड़ कटाई करने के मामले पर तत्काल कार्यवाही करने डीईओ को निर्देशित किया । जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद ने प्राथमिक शाला मुरमुरा के प्रधान पाठक भुनेश्वर यादव को निलंबित है।

वही इस संबंध में स्थानीय कुछ लोगों ने बताया की स्कूल परिसर में नीलगिरी के पेड़ लगे हुए थे जिसे स्कूल समिति एवं ग्रामीणों की सहमति से बकायदा नीलामी किया गया जिसके बाद 10 से 12 पेड़ की कटाई किया गया है।

छुरा विकासखण्ड के मुरमुरा स्कूल परिसर के वृक्ष कटाई करने पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही मीडिल स्कूल के प्रधान पाठक का निलंबन प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबन आदेश जारी कर दिये है। डीईओ ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला मुरमुरा के विद्यालय परिसर में स्थित 15 वृक्षों की कटाई उच्च कार्यालय से अनुमति लिये बिना कटवाने पर प्रधान पाठक श्री भुनेश्वर यादव को निलंबित किया गया है। साथ ही शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुरमुरा के प्रधान पाठक गनपत राम साहू का निलंबन प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। डीईओ ने बताया कि मुरमुरा स्कूल परिसर में लगे 15 निलगिरी एवं अन्य वृक्षों की कटाई के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। उक्त संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी से मामले का जांच कराया गया। जांच प्रकरण में दोषी पाये गए शिक्षक पर कार्यवाही की गई है।

# महिला को सर्प ने डसा जिला अस्पताल रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में सर्प दंश की घटना बारिश प्रांरभ होते ही बढ गई है, अब तक इस वर्ष मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के अमलीपदर, उरमाल, गोहरापदर, झरगांव, शोभा एवं मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगभग 3 दर्जन से ज्यादा सर्प दंश से शिकार लोगों को ईलाज किया गया है, समय पर अस्पताल पहुंचने के कारण सभी स्वस्थ्य होकर लौटे हैं। शुक्रवार को सुबह ग्राम सुक्लाभाठा निवासी सीता नेताम पति भरतीराम नेताम उम्र 30 वर्ष अपने घर के बाड़ी में कार्य कर रहे थे कि अचानक हरा रंग का जहरीले सर्प ने महिला को काट दिया, सर्प काटने के बाद महिला के सर चकराने लगी जिसे तत्काल मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया है।

# हाथी ने 3 गांवों के 5 घरों को तोड़ा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

- धान व चावल की बोरियों को भी किया चट

जिला मुख्यालय पहुंचने वाले नेशनल हाईवे 130 पोंड व नागझर के पास गुरुवार सुबह एक नर दंतेल हाथी एमई 3 पार कर पैरी नदी के किनारे धमतरी जिले के बॉर्डर पर इस समय मौजूद है। लेकिन बीते 3 दिनों से वन परिक्षेत्र पांडुका के मुरमुरा बीट, सांकरा बीट में मौजूद था। यह नर हाथी अपने दादागिरी से पूरे अंचल को दहशत में डाल रखा है। बीते 3 दिन मुरमुरा के जंगल में रुके और तीन गांव में घुसकर लगभग 5 घर के दरवाजे और दीवालों को तोड़ा है। साथ ही ग्रामीणों के द्वारा रखे हुए उनके धान एवं चावल को भी खा गया और तो और बीती रात सांकरा व तौरंगा ग्राम के बीच में स्थित एक राइस मिल के दरवाजा पर भी तोड़ने का कोशिश किया बार-बार चिल्लाने एवं भगाने की वजह से हालांकि राइस मिल के दरवाजे को तोड़ने में सफल नहीं हुआ ।जिसका वीडियो राइस मिल के संचालकों ने ऊपर छत से बनाया था जो इन दिनों अंचल में वायरल हो रहा है। फिर सीधा जतमई मार्ग होते हुए। तौरेगा गांव में घुसा और ग्रामीण तेजु साहू के दरवाजे को तोड़ा और गांव की गलियों में रात को बीच चौक होते हुए अंतिम छोर पर ईश्वर साहू के घर में घुसकर एक बोरी धान को खाया और उधर से निकलते हुए पचपेड़ी गांव पहुंचकर ग्रामीण विश्राम साहू और खोवा राम साहू के घर को क्षति पहुंचाया है। इसी तरह ग्राम खदराही में पहले संतराम के घर व दीवाल को नुकसान पहुंचाया है। घटना स्थल पर पाण्डुका परिक्षेत्र ▶▶|शेष पेज 10 पर

# पानी की तलाश में हिरण पहुंचा चरौदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

भले ही गर्मी की मौसम पूरी तरह समाप्त हो गई है। लेकिन मौसम की की बेरूखी से पानी की इंतजार जहां किसान परेशान हैं। तो वहीं जंगली जानवर भी पानी की कमी महसूस कर रहे हैं। चरौदा ग्राम के बीच बस्ती में एक हिरण शुक्रवार को शाम 5 बजे निवास तिहारू यादव की बाड़ी में आ धमका। इससे पहले महिलाओं ने पास के स्कूल से निकलते देखा गया। कौतूहल वश देखने लोगों की भीड़ लग गई। हिरण के इधर- उधर भागने से बाड़ी में लगे हल्दी व अन्य फसल को नुक्सान पहुंचा है। बाद में हिरण चेतन सिन्हा के ब्यारा से होते हुए बस्ती से बाहर चला गया। ग्रामिणों ने बताया की हिरण पानी की तलाश में भटककर भूखा प्यासा बस्ती का रुख किया है। इससे पहले इसी गांव की इसी रूट में हाथी भी चहलकदमी कर चूके हैं। वन विभाग परिक्षेत्र अधिकारी फिगेंश्वर को सूचना मिलने पर ग्राम चरौदा पहुंचे। और बरसते पानी में मे हिरण को कुत्तों से बचाने और जंगल की रास्ता खदेड़ने में सफल हुए।

### रेत से भरी ट्रैक्टर ने मासूम स्कूली छात्रा को रौंदा

**महासमुंद।** ग्राम जोरातराई (झलप) में 11 जुलाई को रेत से भरी ट्रैक्टर ने एक मासूम स्कूली छात्रा को रौंद दिया। हादसे में मासूम छात्रा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार सूचना मिल रही है कि घटना के तुरंत बाद आनन-फाफन में वाहन चालक व मालिक ने परिजनों से बातचीत कर मामला रफा दफा कर दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक का लाइसेंस ना ट्रैक्टर का बीमा है। पुलिस तक बात नहीं ले जाने कहा। मृतक बच्ची का नाम लावनिया पिता संतोष सिंह विश्कर्मा (6 साल) पहली कक्षा की छात्रा थी। स्कूल से छुट्टी होने के बाद शाम को घर जा रही थी। बच्ची रास्ते में ये घटना हुई। सूत्रों से जानकारी मुताबिक घायल बच्ची को झलप के निजी अस्पताल पहुंचाया गया।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468


## रसेला स्कूल में तीन में एक शिक्षक दो साल से टेनिंग पर

# शिक्षकों की कमी, 15 को करेंगे तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

- शिक्षक नहीं होने से 10 सालों से गणित व अंग्रेजी विषय की पढ़ाई प्रभावित



ग्राम पंचायत रसेला के माध्यमिक शाला में शिक्षक की कमी होने से 15 जुलाई को शाला में तालाबंदी करने का ऐलान किया गया है। ज्ञात हो कि 12 जुलाई को पंचायत प्रतिनिधि, शाला विकास प्रबंधन समिति और पालकगण की बैठक में यहां निर्णय लिया गया कि शिक्षक की मांग को लेकर जिलाधीश व जिला शिक्षा अधिकारी और बीईओ को भी कई बार आवेदन दे चुके हैं। लेकिन मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे स्कूल में ताला लगाने के लिए बाध्य होना पड़ा। मालूम हो कि यहां के माध्यमिक शाला में तीन शिक्षक कार्यरत थे, मगर एक शिक्षक अगले वर्ष से दो साल के लिए बीएड ट्रेनिंग में चला गया है। इसके जाने के बाद एक शिक्षक की व्यवस्था किया गया था, मगर वहां शिक्षक सत्र प्रारंभ होने के बाद मेडिकल अवकाश पर चला गया है। वर्तमान में दो शिक्षक तीन कक्षाएं को सम्हाल रहे हैं। इस संस्था में दर्ज संख्या 145 छात्र- छात्राएं है। यहां पर विगत 10 सालों से गणित, अंग्रेजी, हिन्दी आदि विषयों का शिक्षक की कमी के चलते छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। सरकार शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्ता पर लाने के तमाम दावों की पोल रसेला में खुल रही है। स्कूल में गणित, अंग्रेजी, और हिंदी जैसे महत्वपूर्ण विषय के अध्यापकों के पद रिक्त होने से 145 छात्राओं का भविष्य भी अंधकार में है। स्कूल में बच्चों की पढ़ाई नहीं हो रही है, जिसके कारण कई छात्राओं ने स्कूल में आना भी बंद कर दिया है। कक्षा छठवीं से आठवीं तक शिक्षकों की कमी है। अधिकारियों को कई बार लिखित ▶▶|शेष पेज 10 पर

### नाबालिग लड़की की जहर सेवन से मौत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र की एक नाबालिग युवती की जहर सेवन करने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शाम करीब 6 बजे कोयल शर्मा पिता राजकुमार (17 साल) निवासी सरायपाली ने अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया। तबियत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सरायपाली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।


शरद कम्प्यूटर एजुकेशन
• DCA • PGDCA • TALLY PRIME
• ERP9 With GST Taxation • Ms Office
• फोटोशॉप • पेजमेकर • कोरल • सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण
Skill Training Partner
शरद कम्प्यूटर एजुकेशन राजिम
पता: रानी धर्मशाला परिसर राजिम
शरद पारकर मो. 98261-96073

## खबर संक्षेप



### पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए चंद्रिका

**नवापारा-राजिम।** किसान नेता चंद्रिका साहू एक पेड़ मां के नाम महापौधारोपण अभियान में सीएम विष्णुदेव साय एवं डिप्टी सीएम अरूण साव के साथ शामिल हुए और पौधारोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुईं मधुमती



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय एक दिवसीय महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रशिक्षण नारी शक्ति से जल शक्ति की थीम पर 10 जुलाई को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की एनएसएस प्रभारी मधुमती चंद्राकर भी कार्यक्रम अधिकारी के रूप में प्रशिक्षण में शामिल हुई। एनएसएस प्रभारी के रूप में अपने दायित्वों को पूर्ण करने एवं सक्रिय सहभागिता के लिए प्राचार्य जीआर सिन्हा, व्याख्याता विमल कुमार मन्नाडे, तोषण गिरी गोस्वामी, विवेक राहटगांवकर, पूजा साहू, चंद्रशेखर मिथलेश एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण का महाअभियान के तहत वन महोत्सव 2024 ग्राम खैरा में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की उपस्थिति में पार्षद, नेता प्रतिपक्ष मीना वर्मा ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 20 को

**महासमुंद।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 20 जुलाई 2024 को स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय महासमुंद में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता तीन आयु वर्ग सब जुनियर ग्रुप 10 से 14 वर्ष, बालक/बालिका, जूनियर ग्रुप 14 से 18 वर्ष, बालक/बालिका, सीनियर ग्रुप 18 से 28 वर्ष बालक/बालिका के बीच खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में चार इवेंट ट्रेडिशनल योगासन, रिदमिक योगासन डबल, आर्टिस्टिक योगासन सिंगल एवं आर्टिस्टिक योगासन डबल शामिल है। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ी 20 जुलाई 2024 को सुबह 8 बजे प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित होकर अपना पंजीयन कराकर खेल प्रतियोगिता भाग ले सकते हैं।

## निधन

### राधाबाई साहू

**नवापारा-राजिम।** सोमवारी बाजार निवासी राधा साहू 62 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे भाजपा कार्यकर्ता रतन साहू की धर्मपत्नी एवं भाजयुमो कार्यकर्ता धीरज साहू, राकेश साहू की माता थी। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में स्वजन, रिश्तेदार, सामाजिक बंधु सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए।



---

**निरीक्षण : जिले के 1494 आंगनबाड़ी केन्द्रों में लगभग साढ़े सात हजार पौधे लगाए गए**

# फलदार पौधों का छोटे बच्चे की तरह देखभाल कर उसे बड़ा करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल शुक्रवार को छुरा विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 4 गाड़ाघाट, आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 सांकरा एवं आंगनाबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 तौरेंगा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने आंगनबाड़ी केन्द्र तौरेंगा में बच्चों के लिए बनाये गये चावल, दाल एवं सब्जी को प्लेट में निकाले एवं खाकर भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने बच्चों के लिए बनाये गये दाल की गुणवत्ता में सुधार करने कहा। इन सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कलेक्टर ने फलदार पौधे का रोपण किया। उल्लेखनीय है कि आज जिले के 1494 आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक पेड़ मां के नाम एवं 4 पेड़ बेटियों के नाम पर ग्रामीणों ने लगाया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि लगाये गये फलदार पौधों का छोटे बच्चे की तरह देखभाल कर उन्हें बड़ा करें, यह पौधे बड़े होकर कुपोषण से लड़ने में सहायक फलों का उत्पादन करेंगे। जिससे बच्चे और महिलाओं के साथ पूरा परिवार लाभान्वित होगा।



### बच्चों के पोषण पर दे विशेष ध्यान

कलेक्टर अग्रवाल ने बच्चों का वजन और ऊंचाई उनके कुपोषण की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के पोषण स्तर की नियमित निगरानी करने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी बच्चे का वजन अचानक कम होता है तो उस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के सभी बच्चों की पोषण स्थिति का अवलोकन करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से बच्चों की स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में समय-समय पर पालको का काउंसलिंग करें और घर में भी बच्चों के पोषण का विशेष ध्यान देने कहा। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों को जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान के तहत पानी बचाने और उसके संचयन का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा जल संरक्षण को बढ़ावा देने में पूरा सहयोग करने के लिए जल संरक्षण शपथ दिलाई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय, सीडीपीओ चन्दू साहू सहित पर्यवेक्षक, कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में सोख्ता गड्ढा बनाने के निर्देश

कलेक्टर अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ को आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों ने तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों ने अपने नाम, कविता, कहानी सुनाये एवं बच्चों ने गीत गाकर डांस किया। जिस पर कलेक्टर ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें चॉकलेट बांटी। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के साफ-सफाई एवं सामग्रियों को व्यवस्थित रख-रखाव के लिए कार्यकर्ता एवं सहायिका की तारीफ की। जिन आंगनबाड़ी में पानी निकासी के लिए सोख्ता गड्ढा नहीं है। ऐसे आंगनबाड़ी केन्द्रों में 15वें वित्त से सोख्ता गड्ढा बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों के कार्यकर्ता एवं सहायिका को बच्चों के नियमित रूप से उपस्थिति की जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि बच्चे नियमित रूप से आंगनबाड़ी केन्द्रों में आते है। यहां उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, बच्चों को मिलने वाला नास्ता, मध्यान्ह भोजन, बच्चों का वजन, ऊंचाई, कुपोषित बच्चों की स्थिति की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने गर्भवती महिला एवं शिशुवती को प्रदाय किए जाने वाले रेडी टू ईट और भोजन के गुणवत्ता के बारें में मितानिन, गर्भवती माताओं, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं से चर्चा की।

---

# अमलीपदर में मनाया गया हेरा पंचमी पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम अमलीपदर के हृदय स्थल श्री जगन्नाथ मंदिर में इस वर्ष के रथयात्रा महोत्सव पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन लगातार किया गया है जिसमें श्री गुंडिचा मंदिर में विराजमान श्री कालिया महाबाहु के प्रांगण में श्रीश्री सोलह पहरी महानाम यज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें गुरूवार को श्री गुंडिचा मंदिर से भव्य कलश यात्र निकाली गई। कलशयात्रा में ग्राम देवी देवताओं, मां शीतला मंदिर से मुख्य मार्ग होते हुए बड़े जोर-शोर धुमधाम से संकीर्तन मंडली, बाजा गाजा के साथ बोल कालिया के जयघोष के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस कलशयात्रा में हजारों की संख्या में भक्त श्रद्धालुगण शामिल हुए और आचार्य युवराज पांडेय के द्वारा पुजा अर्चना कर कलश यात्र का शुभारंभ किया गया। पं. युवराज पांडेय ने बताया कि हेरा पंचमी पर्व नारियों के सम्मान का प्रतीक है। पौराणिक मान्यताओं अनुसार श्रीमंदिर से श्री महालक्ष्मी श्री जगन्नाथ जी को मनाने श्री गुड़िचा मंदिर का आगमन होता है और जहां भगवान मां महालक्ष्मी जी का भेंट होता है और महाप्रभु को साथ जाने के लिए आग्रह करती है तो कालिया ठाकुर मना करते हैं। मां महालक्ष्मी जी रुष्ट हो जाती है और निज परिकरों को आदेश देती है की नंदीघोष रथ का भंजन कर दिया जाए। और मां महालक्ष्मी श्री मंदिर वापस आती है। आज इस पर्व श्री मंदिर से मां महालक्ष्मी जी की डोली श्री गुड़िचा मंदिर घंट शंख, बाजा गाजे, संकीर्तन मंडली द्वारा पहुंचा। इस धार्मिक आयोजन में विधायक जनक ध्रुव सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।

---

# महापौधारोपण अभियान में शामिल हुए इंद्रकुमार



**नवापारा-राजिम।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक पेड़ मां के नाम महापौधारोपण अभियान का शुभारंभ नवा रायपुर स्थित जैव विविधता पार्क में पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर राज्य के सभी मंत्रियों के साथ विधायक इंद्र कुमार साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों सीआरपीएफ के जवानों,पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने बीस हजार से अधिक पौधे लगाए गए।इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय के साथ विधायक इंद्रकुमार साहू ने ओपन जिप्सी वाहन में सवार होकर पौधारोपण क्षेत्र का भ्रमण भी किया तथा अभियान में हिस्सा ले रहे लोगों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले , जनपद सदस्य रिंकू चंद्राकर, जिला खनिज न्यास समिति के सदस्य मुकेश ढिढी, नगर पंचायत अभनपुर के अध्यक्ष कुंदन बघेल, उपाध्यक्ष किशन शर्मा, भरत बैस, किसान नेता चंद्रिका साहू, राघवेंद्र साहू, सूरज लाल साहू, गौरव शर्मा, विवेक शर्मा, तोषण सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### विधायक ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन, आंबा में लगाया पौधा

**महासमुंद।** महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शुक्रवार को शहर के वार्ड क्रमांक 09 में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। बरसात के मौसम में उक्त स्थान पर पक्की सड़क नहीं होने के कारण परेशानी हो रही थी। वार्ड पार्षद माधवी सिका ने पार्षद निधि से उक्त रोड निर्माण के लिए राशि प्रदान किया है। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार अपने वादे के अनुसार सारे कार्य कर रही है। राज्य के साथ-साथ हमारा महासमुंद भी विकास की नई गाथा लिखेगा। उन्होंने कहा कि अभी शुरुआत है। आगे और भी विकास कार्य से महासमुंद की जनता को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं उन्होंने वार्ड 09 के आंगनबाड़ी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने इस दौरान उपस्थित आमजन से अपील करते हुए कहा कि आप भी इस अभियान से जुड़ें और अन्य लोगों को भी जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

# बारिश नहीं, पानी के अभाव में सूख रहे धान के पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



न जाने मानसून कहां अटक गया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान इस बार खरा नहीं उतरा। क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मच गया है। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए देखते है। आकाश पर बादल रोज छाया रहता है। लेकिन बारिश नहीं हो रही है। यदि यही हाल रहा तो सप्ताह भर के भीतर पौधे सुखने लग जाएंगे। क्षेत्र के परसदा, सुंदरकेरा, सोंठ-घोंट, मंदलौर, उमरपोटी, सोनेसिल्ली, कठिया, तोरला, छांटा, कोलियारी, पारागांव, जौंदी-जौंदा, पोंड़, कुर्रा, पटेवा, पिपरौद, बजरंगपुर, लखना, चंपारण, टीला, सेमरा, दुलना आदि गांव के खेतों का जब अवलोकन किया गया तो हर जगह खेत सूखे नजर आया। धान बोवाई तो कब का हो चुका है। पौधे भी चार से छः इंच के हो गए है। अब पानी की सख्त आवश्यकता है। लेकिन बारिश नहीं हो रहा है। इससे किसान काफी चिंतित है। सुंदरकेरा के किसान गुहाराम साहू, ओमप्रकाश साहू आदि ने बताया कि धान बोएं है वह जाग गया है पर उसमें पानी नहीं है। सुंदरकेरा में बोर सक्सेस नहीं है। किसान ठाकुर राम साहू ने कहा कि पानी के बिना पौधे में ऐठन हो रहा है। छांटा गांव के किसान ज्ञानेश्वर साहू ने बताया कि उनके पास खुद का



संसाधन है। बोर से पानी पलाते है मगर छः घंटे के बिजली कटौती से परेशानी हो रही है। कमोवेश हर गांव के किसान यही कह रहे है कि बारिश का होना अब बहुत ज्यादा जरूरी हो गया है। बारिश के अभाव में खेत पूरी तरह से सुख गया है। यदि सप्ताह भर के भीतर बारिश नही हुई तो पौधे पूरी तरह से सूख जाएंगे। फिर इसे संभाल पाना मुश्किल होगा। यही हाल समूचे राजिम क्षेत्र के गांवो का है। बारिश हो नही रही है। किसान इससे काफी चिंतित है। इस क्षेत्र के कोमा, कुम्ही, बकली, रांवड़,किरवई, धमनी, बासीन, बोरसी, कौंदकेरा, भैंसातरा, बेलटुकरी, सिंधौरी, बरोंडा, श्यामनगर, सुरसाबांधा, धुमा, परतेवा, जेंजरा, टेका, कपसीडीह, लोहरसी, तर्रा, कुरूषकेरा जैसे तमाम गांव के हालात है। असिंचित खेतो में बारिश का पानी बहुत जरूरी है। संसाधन वाले किसान मताई कर रहे है, रोपा भी लगा रहे है। मालूम हो कि इस भरी बरसात में भी नदी-नाले सूखे पड़े हुए है।

---

# छात्राओं ने दिया ईमानदारी का परिचय

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



गुम हुआ 1 हजार नगद एवं चांदी के पायल को स्वामी आत्मानंद के छात्राओं ने पाया और स्कूल प्रबंधन के पास जमा कराया। शिक्षकों ने राशि एवं जेवर के हकदार को ढंढकर उसे प्रार्थना सभा में उन्ही छात्राओं के द्वारा सबके सामने वापस कराकर ईमानदारी की मिशाल दी।शिक्षक उमेश यदु ने छात्राओं से कहा था कि स्कूल मे जो भी पाओंगे उसे बताओंगे।

12 जुलाई को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के छात्रें द्वारा विद्यालय परिसर में नगद 1000 और चांदी का पायल कुमारी कुमकुम साहू और कुमारी पल्लवी विश्वकर्मा को प्राप्त हुआ जो की पहली पाली में संचालित विद्यालय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों का था। उस राशि एवं जेवर को स्वामी आत्मनंद अंग्रेजी माध्यम के बच्चों द्वारा ईमानदारी पूर्वक अपने–अपने कक्षा शिक्षकों को वापस किया गया। इस अवसर पर कुंदन रावत महेश साहू, फणेश्वर साहू, विनोद साहू,भागवत भार्गव,देवेश्वर महाडीक, कृष्णेंदु मंडल, ऋषभ शर्मा, ईश्वर मालाकार, विकास चंद्राकर,देव सिन्हा,तुषार साहू,टीकम साहू,विनीता साहू,काजल शर्मा, कृतिका पुंज, खुशबू भट्ट, गीतांजलि सिन्हा, वर्षा हिरवानी, अंशी कुजूर, कल्पना साहू, चेतना किरण साहू, मनीषा साहू, क्षमेश्वरी बंजारे, सीमा गायक वाड़, शताक्षी शर्मा, समीक्षा तारक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उमेश यदु ने किया।



### भैंसातरा स्कूल में पौधारोपण

**राजिम।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भैंसातरा के प्रधानपाठक एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शाला परिसर में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की मौजूदगी में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पालक सदस्य जागेश्वर साहू द्वारा न्योता भोज कराया गया। यहां गुलाब जामुन, मिक्चर ,फल, बिस्कुट,लड्डु आदि परोसा गया। कार्यक्रम में अनिल मेघवानी, नरेश साहू, मोहित मिश्रा, रामकुमार साहू, रूपलाल साहू, होरीलाल,नेमूराम साहू, पुरुषोत्तम साहू, योगेश्वर वर्मा,नोहर साहू, कुसुम यादव, हेमंत साहू सहित बड़ी संख्या में छात्रगण मौजूद थे। इस अवसर पर सभी ने मिश्रा के दीघार्यु की कामना करते हुए कहा कि मिश्रा मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है, नैतिक शिक्षा के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देते हैं।

---

**जल संरक्षण की आवश्यकता पर सबने ली जल शपथ**

# जल संरक्षण में दें अपना योगदान : एसडीओ जोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

विकासखंड स्तरीय जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय सांस्कृतिक भवन में किया गया। कैच द रैन थीम पर आधारित नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में तोकेश्वरी मांझी जनपद अध्यक्ष, विशेष अतिथि राजेश साहू जिलाध्यक्ष भाजपा, एवं अतिथि के रुप में थानेश्वर कंवर सभापति जनपद छुरा, नीलकंठ ठाकुर जनपद सदस्य, हेमलता ध्रुव जनपद सदस्य, अब्दुल समद खान पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत, आर के ध्रुव सीईओ, लालसिंह मरकाम सीएमओ मंचासीन हुए। अतिथियों का स्वागत पीआर सिरमौर एसडीओ छुरा जल संसाधन, एमके पांडोरिया एसडीओ पांडुका जल संसाधन, कुलेश्वर जोशी एसडीओ जल संसाधन फिंगेश्वर, सब इंजीनियर गण विकास ध्रुव, राहुल साहू ,होमी साहू, वेदिका सांडिल्य, बसंत वर्मा, गणेशराम आदि के द्वारा बैच





लगाकर किया गया साथ ही सभी अतिथियों को पौधा भेंटकर सम्मान किया गया। पश्चात स्वागत उद्बोधन व आयोजन के उद्देश्य को एसडीओ जोशी ने सबके बीच विस्तार से रखते हुए कहा कि आज यह स्थिति आ गई है कि हम 20 रुपये लीटर में पानी खरीद कर पी रहे हैं यदि हम जल संरक्षण के प्रति सजग सावधान नहीं हुए तो इससे बुरे दिन आने वाले 10-20 साल में देखने को मिलेगा। पांच तत्वों में हमारे जीवन के लिए जल दूसरा महत्वपूर्ण तत्व है। तोकेश्वरी मांझी ने कहा कि धरती का तापमान बढ़ने से जल का स्तर नीचे चला जा रहा है जिससे जल संकट



गहराता जा रहा है वर्षा अनियमित एवं अनियंत्रित हो रही है। कार्यक्रम को सीईओ आर के ध्रुव ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से शार्ट फिल्म दिखाई गई एवं कोंडागांव बस्तर के जत्था कलाकारों द्वारा नृत्य एवं जल संरक्षण पर आधारित नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात छात्र छात्राओं के लिए गीत, कविता, भाषण ,रंगोली की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें जल संवाद भाषण में प्रथम ख्याति शर्मा सेजेश, द्वितीय रानू जायसवाल कन्या छुरा, तृतीय टिकेश्वरी साहू कन्या छुरा निबंध प्रतियोगिता प्रथम डोमेश्वरी यादव सेजेस छुरा, द्वितीय निमिशा ध्रुव आदर्श पूर्व मा विद्यालय तृतीय हंसिका सांडे सेजेस छुरा, रंगोली प्रतियोगिता प्रथम हर्षिता सिन्हा सेजेस जिन्हे अतिथियों के कर कमलों से मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केके सिंग पीएचई विभाग, सुनील साहू उद्यानिकी विभाग, के एस मतावले बीईओ, कयाराम यादव वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी जनपद, पीएल साहू करारोपण अधिकारी जनपद, के के साहू प्राचार्य पत्रकार गण यशवंत यादव, अशोक दीक्षित, उज्जवल जैन, कुलेश्वर सिन्हा, परमेश्वर राजपूत, प्रकाश यादव, मेशनंदन पांडे, यामिनी चंद्राकर आदि एवं गमेश कुमार नेताम, प्रशांत चंद्राकर, रोशनी नारंग, आशा साहू, आशा गुप्ता, शांति बाई नेताम, खोलबाहरा निषाद संकुल समन्वयक, सीमा सिंग सेनसर सेजेश सहित मितानिन, महिला स्वसहायता समूह के सदस्य विभिन्न विभागों के कर्मचारी अधिकारी व छात्र- छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

## पेज 9 के शेष...

### मितानिन को अब...

में गांव, गरीब व किसान सहित हर वर्ग के खुशहाली के काम कर रही हैं। इस सरकार में हर काम साय साय होता है। चुनाव जीतने के बाद सरकार ने हर वादे पूरे किए है। आज मुझे बहुत ही खुशी हो रही है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने मितानिन बहनों को भी सुगमता से प्रोत्साहन राशि पहुंचाने की आनलाईन व्यवस्था कर दी है। अब उन्हें कही भी भटकने को जरूरत नहीं होगी। इसके लिए उन्होंने सीएम साय तथा स्वाथ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार भी जताया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में मितानिन प्रोत्साहन राशि को सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर करने की शुरूआत की। सीएम ने रिमोट का बटन दबाकर राज्य स्तर से मितानिन प्रोत्साहन राशि का सीधे बैंक खाते में अंतरण किया। इस अवसर पर जिला अस्पताल गरियाबंद सहित जिले के समस्त सामुदयिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रोजेक्टर लगाकर एवं समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में टीवी के माध्यम से उपरोक्त कार्यक्रम के सीधा प्रसारण किया गया।

### हाथी ने 3 गांवों...

कार्यालय के डिप्टी रेंजर सहित संबंधित बिट के बिटगार्ड मौके पर पहुंच कर क्षतिपूर्ति का मुआयाना कर किसानों की क्षतिपूर्ति का प्रकरण बनाकर संबंधित विभाग को सौंपने की बात कही बता दे की ये नर हाथी बहुत ही खतरनाक है जो आतंक का पर्याय बना हुआ है जिसका मुख्य कारण जंगलों में फलदार पेड़ पौधे की कमी वन अधिकार पट्टा के कारण जंगलों का सत्यानाश होना मुख्य वजह है। अपने प्राकृतिक निवास में हो रहे अतिक्रमण के वजह से ही यह हाथी दूसरे जिले से पहुंच गए हैं। जो पिछले कुछ सालों से गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर पांडुका परीक्षेत्र मे डेरा जमाया है। जिले में हाथियों के एक अन्य दल मौजूद है जबकि ये एमई 3 नर दंतेल चंदा दल का एक सदस्य है। जो पिछले कुछ सालों से अकेले घूम रहे हैं जिस वजह से ये काफी खतरनाक है महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी होते हुए इसका आने और जाने का कोई समय तिथि नहीं है। अपनी मनमर्जी से पूरे दादागिरी से ये स्वच्छंद आतंक मचाता हुआ तीनों जिलों में घूमते रहता है। किसी भी तरह की जनहानि से बचने के लिए वन विभाग, और हाथी मित्र दल लगातार इसके हर मूवमेंट पर नजर बनाए हुए रहते हैं। खबर लिखे जाने तक यह हाथी पैरी नदी पार कर धमतरी जिला प्रवेश कर गया था।

### शिक्षकों की कमी...

में मांग पत्र देकर शिक्षक की स्कूल में कमी को पूरा करने को लेकर गुहार लगाई जा चुकी है। राज्य सरकार और शिक्षा विभाग शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने एवं स्कूलों में शिक्षा सहित अन्य व्यवस्थाएं बेहतर करने का लाख दावे कर रहा है। लेकिन धरातल में शिक्षा का निम्न स्तर और स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षकों की कमी को देखते हुए अब कुछ पालक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भी दाखिल करने लिए सोच रहे हैं। क्षेत्र के लगभग सभी स्कूलों में शिक्षकों की कमी की शिकायत लेकर ग्रामीण आ रहें हैं। छुरा ब्लाक में सड़क किनारे ऐसे कई स्कूलों में जहां बच्चे कम और शिक्षक ज्यादा है और ग्रामीण वनांचल में शिक्षक कम बच्चे ज्यादा है। यही विडंबना वर्षो से चली आ रही है। बैठक में सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, शाला समिति के अध्यक्ष धनेश्वर दास, उपाध्यक्ष देवलाल साहनी, परमेश्वर पटेल, समारी बाई ठाकुर, वत्सल निषाद, लगनी ठाकुर, दुर्पती ठाकुर, रूखमणी बाई यादव सहित पालकगण उपस्थित थे।

**संभाग को जानकारी दी गई है-** शिक्षक की कमी की जानकारी संभाग को भेज दिया गया है। जब युक्तीकरण होगा तब शिक्षक मिल जाएगा।

**किशुन लाल मतावले,** बीईओ छुरा

## खबर संक्षेप



### तुमगांव में धूमधाम से मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में नगर की आराध्या देवी नगर कुलदेवी मां शीतला मंदिर में धूमधाम से जुड़वास माता पहुंचनी का पर्व मनाया गया। मां शीतला मंदिर समिति के अध्यक्ष पप्पू पटेल, जय माँ शीतला आधार युवा शक्ति प्रमुख धर्मेंद्र यादव ने बताया कि सर्वप्रथम मां शीतला का विशेष श्रृंगार फूलों से गहनों से किया गया। साथ ही मंदिर परिसर में विराजे नगर के एक मात्र पंचमुखी शितलेश्वर महादेव को भी सजाया गया। फिर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर धर्मपत्नी हेमलता चंद्राकर द्वारा नगर पुरोहित मंदिर समिति के मुख्य पुजारी पं विकास मिश्रा, समिति के उप अध्यक्ष पं अरविंद शर्मा आदि की उपस्थिति में मां शीतला का हल्दी दूध गंगाजल पंचगव्य से अभिषेक कर पूरे विधि विधान से आरती व पूजा अर्चना की गई। मां शीतला को 56 भोग भी लगाया गया। बाद जुड़वास का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। लोग ठंडाई लेने भारी संख्या में शीतला मंदिर पहुंचे। नगर के सेवकों द्वारा माता का जसगीत गाया गया और प्रसाद के रूप में शीतला माता को प्रिय चना दाल का वितरण किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए नीम के पौधे को रोपण के लिए वितरित किया गया।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 तक

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले में खरीफ वर्ष 2024 में ग्राम स्तर पर धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन एवं राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर मूंगफली, अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी फसलों को अधिसूचित किया गया है, जिसका बीमा 31 जुलाई 2024 तक कराया जा सकता है।

# कोपरा नपं में अध्यक्ष व 9 लोगों की सदस्यता पर जमकर हो रही किरकिरी

## कांग्रेसियों ने लगाया आरोप, कहा- नगर पंचायत कोपरा का हुआ बीजेपीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नगर पंचायत कोपरा में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के अलावा 09 सदस्य मनोनित होने के मामले को लेकर नगर में विवाद की स्थिति बनी हुई है। नगर पंचायत कोपरा में हुए नियुक्ति को लेकर जमकर किरकिरी हुई है। शासन से हुए इस नियुक्ति पर नगरवासी तरह- तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं। इस घटना क्रम से नगर के कांग्रेस कार्यकर्ता आहत हुए और इनकी नाराजगी जायज भी है। इनका आरोप है कि नगर पंचायत में सभी तबके के लोगों को अवसर और सम्मान देना था लेकिन ऐसा नहीं किया गया, भाजपा सरकार ने नगर पंचायत कोपरा में अध्यक्ष उपाध्यक्ष और 09 सभी सदस्य को बीजेपी के लोगों को बनाए है। इधर भाजपा खेमे के कार्यकर्ता भी नगर पंचायत कोपरा के लिए हुए मनोनयन को लेकर असंतुष्ट हैं। नियुक्ति के बाद बीजेपी के अंदर खाने में भारी कोहराम मचा हुआ है। शुक्रवार को नगर के गायत्री मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक भी बुलाई गई। बैठक में बीजेपी कार्यकर्ता का कहना था कि नगर पंचायत में सीनियर लोगों को दरकिनार कर पार्टी के कुछ निष्क्रिय और नए लोगों को भी अवसर दिया गया है।



### शासन के आदेश पर मनोनीत

गौरतलब है कि बीते दिनों जारी शासन के आदेश में नगर पंचायत में कृत्यों के संचालन करने अध्यक्ष उपाध्यक्ष और सदस्य को मनोनीत किया है। शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगर पंचायत कोपरा की परिषद् के कृत्यों के संचालन के लिए आगामी आदेश पर्यन्त समिति का गठन किया है। नगर पंचायत कोपरा में नागेश्वर साहू को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष भारती साहू को बनाया है। इसी तरह सदस्य में नंदुराम सिन्हा, लक्ष्मीनारायण पटेल, मेघ सिंग साहू, चतुर साहू, खिलेश्वर गोस्वामी, रेखा कोसरे, हिमालय सोनी, जेठू ध्रुव, नीरा तारक को बनाया है।




**रिटायर्ड फौजी या शिक्षक को देना था अवसर-** इस संबंध में नगर के सीनियर कांग्रेस कार्यकर्ता एवं जिला प्रशासनिक महामंत्री ठाकुर ओंकार सिंह ठाकुर, राम साहू, उप सरपंच राजेश यादव, पूर्व सरपंच सूरज दाऊ, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि अजय साहू, कांग्रेस जोन अध्यक्ष बेदराम साहू, सेक्टर अध्यक्ष अवध सिन्हा, कृषि समिति सचिव रिकेश साहू, बेदू साहू के अलावा अन्य नगरवासी ने नगर पंचायत में हुए मनोनयन को गलत बतलाते हुए इसे निरस्त कर नगर के समाज सेवी रिटायर्ड फौजी रिटायर्ड शिक्षक या अन्य रिटायर्ड कर्मचारियों को अवसर प्रदान करना चाहिए था। इसके अलावा कांग्रेस के लोगों को भी स्थान देना था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। सभी 11 नियुक्त मेंबर बीजेपी कार्यकर्ता है।

## प्रवेशोत्सव : नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर कराया प्रवेश

# रोज विद्यालय जाएं, अच्छी शिक्षा हासिल कर माता-पिता का नाम करें रौशन : ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ गणवेश, पुस्तक सायकल किया वितरण

तहसील मुख्यालय मैनपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में शुक्रवार को विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोउत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य तिथि बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, विशेष अतिथि जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम, जिला पंचायत गरियाबंद के सभापति लोकेश्वरी नेताम उपस्थित थे। नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर तथा गणवेश पुस्तक, सायकल वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि शिक्षा मनुष्य के जीवन में बहुत अनिवार्य है, माता- पिता बच्चों को अच्छे शिक्षा हासिल करने के लिए स्कूल भेजते है, सभी छात्र-छात्राओं से विधायक ने कहा कि जिस उददेश्य के साथ माता- पिता हमें स्कूल शिक्षा हासिल करने भेजे है, अच्छे शिक्षा हासिल कर माता- पिता का नाम रौशन करें साथ ही क्षेत्र और प्रदेश व देश के विकास में योगदान दे। जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने कहा कि आज के छात्र देश के भावी कर्णधार है आपके कंधो पर एक बडी जिम्मेदारी है।





### विद्यालय भवन बेहद जर्जर नवनिर्माण की जरूरत

संजय नेताम ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव में स्कूली छात्र- छात्रओं द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई है। विद्यालय भवन बेहद जर्जर हो गया है,नया भवन निर्माण की जरूरत है। लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में जब हम बच्चों का सम्मान करते है तो उनका मनोबल बढता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीईओ मैनपुर चन्द्रशेखर मिश्रा, बीआरसीसी शिवकुमार नागे, प्राचार्य एचएनसिंह, अधिक्षिका संध्या कुटारे, यशवंत बघेल, डोमार पटेल, सरोज सेन, प्रदीप सिन्हा, टीकम पटेल, आरती गुप्ता, सुन्दर क"यप, संतोश ध्रुरव, दामोदर नेगी, गेंदलाल पटेल, सीमा ठाकुर, विपीन बिहारी, शेख ईमामुद्दीन, द्रोण कुमार साहू, रामलाल सोरी, शांति राजपुत, वदेप्रकाश पारिक, मुकेश यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक यशवंत बघेल एंव डोमार पटेल ने किया।

# व्यापम की बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ जिले के तीन परीक्षा केन्द्रों में 914 परीक्षार्थी होगें शामिल

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा रविवार 14 जुलाई को बीएससी नर्सिंग 2024 प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से 12:15 बजे तक आयोजित की जायेगी। इसके लिए जिले में तीन परीक्षा केन्द्र बनाए गये है। इन केंद्रों पर 914 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होगें। परीक्षा केन्द्रों में शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद, शासकीय बालक हायर सेकण्डरी गरियाबंद एवं शासकीय कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल शामिल है। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल के द्वारा डिप्टी कलेक्टर श्री विशाल कुमार महाराणा को नोडल एवं सहायक अधीक्षक भू- अमिलेख मुकाराम नाग को सहायक नोडल बनाया गया है। साथ ही सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए एक - एक ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। परीक्षा में नकल प्रवृत्ति रोकने हेतु तीन सदस्यों का जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। व्यापम से जारी निर्देशानुसार आज कलेक्टर सभाकक्ष में नोडल अधिकारी, ऑब्जर्वर एवं उड़नदस्ता दल एवं सभी केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों की बैठक हुई। नोडल अधिकारी ने परीक्षा के लिए संबंधित केंद्रों में आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा का कार्य विश्वसनीयता, गोपनीयता और गंभीरता से जुड़ा होता है। इस कार्य में किसी प्रकार की चूक व लापरवाही न की जाए। उन्होंने केंद्राध्यक्षों को सावधानी एवं सतर्कता के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए।

### प्रवेश पत्र की दो प्रति लाएं

परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र व्यापम के साईट से डाउनलोड कर प्रिन्ट प्रति को परीक्षा केन्द्र में लाना होगा। जिसमें एक प्रति परीक्षार्थियों के लिए तथा एक व्यापम की प्रति होगी। परीक्षार्थी को स्वयं के पहचान हेतु वोटर आईडी, आधार कार्ड, ई-आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस की मूल प्रति साथ रखना होगा। इसके के अभाव में परीक्षा हाल में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षा हाल में मोबाईल, कैल्कुलेटर, डिजीटल घड़ी ब्लूटूथ जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं किसी तरह की कोई अवैधानिक सामग्री लाना वर्जित है। यदि किसी प्रवेश पत्र में तकनीकी कारणों से फोटो अंकित नहीं है अथवा उपस्थिति पत्रक में फोटो के अंकन संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए सभी परीक्षार्थियों को अपने साथ दो फोटो एवं पहचान पत्र से संबंधित दस्तावेज अनिवार्य रूप से रखने चाहिए।



## खबर संक्षेप

### कौंदकेरा हाई स्कूल के अध्यक्ष बने ओमकार



**कोपरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौनद्केरा स्कूल के शाला विकास समिति के अध्यक्ष पद पर ओमकार साहू को मनोनीत किया गया है। साहू के कार्यशैली को देखते हुए उनको अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। साहू के अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता व पालकों ने शुभकामनाएं दी।

### डूंडा स्कूल में बच्चों ने किया पौधारोपण

**रायपुर।** कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड स्थित डूंडा के शासकीय हाईस्कूल में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान भारत स्काउट-गाइड के जिला पदाधिकारी और स्कूली बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ पौधारोपण किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर शामिल हुए। डूंडा स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूली बच्चों ने शाला परिवार के साथ मिलकर पौधे लगाए। इस मौके पर भारत स्काउट-गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, अध्यक्ष जी. स्वामी, वार्ड पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर, रेलवे के सीनियर डिवीजन मैनेजर अवधेश कुमार त्रिवेदी, सुरेश शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय खंडेलवाल, सचिव मृत्युंजय शुक्ला, उपाध्यक्ष अजय तिवारी, उपाध्यक्ष गायत्री सिंह, अखिलेश अमले, दिनेश शुक्ला, विकासखंड सचिव मुकेश बोरकर, विष्णु साहू सहित लक्ष्य फाउंडेशन के पदाधिकारी व स्कूली बच्चे शामिल रहे।

### शालेय शिक्षक संघ ने पदोन्नति को लेकर संचालक से की चर्चा

**रायपुर।** शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र दुबे के नेतृत्व में लोक शिक्षण संचालनालय की संचालक दिव्या मिश्रा से मुलाकात की। इस अवसर पर चर्चा करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने पदोन्नति में हो रही देर की ओर संचालक का ध्यान आकर्षित कराया। इसके साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग में पदोन्नति के करीब 40 हजार संस्था प्रमुख व शिक्षकीय पद रिक्त होने की जानकारी भी दी। इसके साथ ही व्याख्याता व प्राचार्य के रिक्त पदों पर 7 वर्षों से पदोन्नति नहीं दिये जाने पर नाराजगी जताई है। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने बताया कि वर्तमान में प्राचार्य व व्याख्याता पदों पर पदोन्नति के लिए पिछले 6 साल से जारी हो रही त्रुटिपूर्ण सूची से ही प्रस्ताव मंगाया गया है, जबकि संगठन ने सूचियों की सैकड़ों त्रुटियों का प्रमाण सचिव व संचालक सहित जिम्मेदार अधिकारियों को सौंपकर सत्यापन करने व त्रुटिरहित सूची जारी करने की मांग की थी।

स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत करीब 1 लाख 80 हजार एलबी संवर्ग के शिक्षकों को उनकी संख्या के अनुपात में पदोन्नति का पद नहीं दिया जा रहा है, जो कि एलबी संवर्ग के हितों के प्रति कुठाराघात है। प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा ने शिक्षक ई एलबी से व्याख्याता पद पर पदोन्नति के लिए प्रस्ताव नहीं मंगाए जाने का मुद्दा उठाया, जिसे स्वीकार करते हुए शीघ्र ही प्रस्ताव मंगाने की बात संबंधित अधिकारियों ने कही है। शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी चन्द्रशेखर तिवारी सुनील सिंह, विष्णु शर्मा, डॉ सांत्वना ठाकुर, शिवेंद्र चंद्रवंशी सहित अन्य पदाधिकारियों ने राज्य सरकार से लंबित मांगों पर जल्द से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में नीलकंठ सेवा संस्था द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। संस्थापक पं. नीलकंठ त्रिपाठी ने बताया कि आज विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में देशव्यापी आंदोलन छेड़ा है, जिसमें प्रत्येक राज्य के हर जिले के कलेक्टर को संस्था के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा है। जनसंख्या नियंत्रण कानून को तत्काल लागू करने की मांग की है। इसी कड़ी में संस्था ने छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव को भी ज्ञापन सौंपकर छत्तीसगढ़ में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की।

---

**जल जीवन मिशन : 168 ग्रामों में जल जीवन योजना के लिए करोड़ों की राशि जारी, लेकिन अब तक निर्माण अधूरे**

# जल जीवन मिशन योजना पर करोड़ों खर्च पर तीन साल बाद भी नहीं मिला बूंद भर पानी, टंकी अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

अलग खबर

केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार के महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन इसके तहत घर घर लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगभग 03 वर्ष पहले जिले के मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र को करोड़ों रूपये की राशि स्वीकृती मिली। लगभग 168 ग्रामों में पानी टंकी का निर्माण कर घर- घर पानी सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाने के साथ ही नल की टोंटी लगाने का कार्य अब तक आधा- अधूरा है, विभागीय सूत्रों की माने तो 168 कार्यों में मात्र 30 स्थानों पर ही नल जल योजना प्रारंभ हो पाया है वह भी आधा- अधूरा अधिकांश ग्रामों में ग्रामीणों के घरों तक पानी नहीं पहुंचने की शिकायत आम है। इसके पीछे मुख्य कारण संबधित निर्माण एजेंसी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिम्मेदार अफसरों के द्वारा जमीनी स्तर पर मानीटिरिंग नहीं करना बताया जा रहा है, जिसके कारण यह योजना अपने लक्ष्य से कोसो दूर है। आज भी मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दूरस्थ पहाड़ी वनांचल के लोगों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है, दर्जनों ग्रामों पाराटोला के लोग नदी में झरिया खोदकर प्यास बुझा रहे है, ऐसे में जल जीवन मिशन योजना के तहत करोड़ों रूपये पानी में सिर्फ बहाया जा रहा है और यह मिशन भ्रष्टाचार का भेट चढ़ चुकी है।

**टंकी से भी नहीं मिल रहा है पानी-** बिजली विहीन ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने के लिए करोड़ों रूपये की राशि क्रेडा विभाग को जारी किया गया है जिसमें आधे- अधूरे काम ही हो पाया है, कई स्थानों पर आज भी पानी टंकी का निर्माण नहीं किया गया है और जिन ग्रामो में जैसे छिन्दौला, कोयबा, साहेबिनकछार, अमाड, उदंती में लाखों रूपये खर्च कर क्रेडा विभाग द्वारा गांव में पानी टंकी का निर्माण किया गया है, और घरों में नल कनेक्शन दिया गया है इसकी स्थिति बेहद दयनीय है अब तक ग्रामीणों के घरों मे पानी तो बहुत दूर टंकी के नीचे भी कई स्थानों पर पानी नहीं निकल रहा है।

**हकीकत ठीक विपरीत है-** क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि जल जीवन मिशन योजना में घटिया निर्माण, आधा- अधूरा निर्माण एवं बड़ा खेला किया जा रहा है जल जीवन मिशन योजना सिर्फ कागजों में ही सफलता की कहानी गढ़ रहा है जबकि हकीकत ठीक विपरीत है, दूरस्थ वनांचल के ग्रामों में बूंद- बूंद पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। कहीं दो साल से पानी का टंकी अधूरा पड़ा है कही गांव के भीतर लगाये गये नल कनेक्शन टूट- फूटकर तहस-नहस हो चुका है कई स्थानों पर नल स्टैण्ड पोस्ट, बकरी, बैल बांधने का उपयोग किया जा रहा है।

**केस 1**


### निर्माण कार्य अधूरा

मैनपुर से 22 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत शोभा में जल जीवन मिशन योजना के तहत डेढ़ से दो वर्ष पहले पानी टंकी का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ जिसके टंकी में ड्राईंग में घटिया निर्माण की शिकायत ग्रामीणों के द्वारा किया गया था अब तक टंकी का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है और तो और गांव में पेयजल सप्लाई के लिए जगह जगह गड्ढा खोदकर सीसी रोड को तोड़फोड़ किया गया है और अब तक इस योजना का लाभ तो बहुत दूर निर्माण कार्य भी पूरा नहीं हो पाया है, ग्राम शोभा निवासी एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, सरंपच रमुला बाई, धन्नु मरकाम, संजय देवंशी, राहुल निर्मलकर एवं ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जल जीवन मिशन योजना के ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारियों को आवेदन देकर थक चुके हैं लेकिन अब तक निर्माण कार्य अधूरा है और निर्माण कार्य को पूरा भी नहीं किया जा रहा है।



**केस 3**

### योजना पूरी तरह फ्लाप



मैनपुर से लगे ग्राम मैनपुरकला, हरदीभाठा, भाठीगढ में भी जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कर करोड़ों रूपये खर्च कर घर- घर नल का कनेक्शन दिया गया है और सरकारी रिकार्ड में सभी के घरो में पानी पहुंच रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और यहां आज भी आधे लोगों के घर बामुश्किल ही पानी पहुंचती है बाकी जगह पानी के इंतजार में लोग बैठे हुए है जब तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर की यह स्थिति है तो दूरस्थ वनांचल की बात छोड़ दीजिए ग्राम अमलीपदर में भी नल जल योजना पूरी तरह फ्लाप साबित होने की बात ग्रामीणों ने बताया है।

**केस 2**

### अफसर नहीं दे रहे ध्यान

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 6 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत गोपालपुर के आश्रित ग्राम कोदोभाठ में जल जीवन मिशन योजना के तहत ठेकेदार द्वारा पानी की विशाल टंकी का निर्माण किया गया है और घरों में नल का कनेक्शन भी दिया गया है। यहां बकायदा एक सप्ताह तक पानी मार्च माह में प्रारंभ भी किया गया लेकिन गांव के हैंडपंप में मोटर पंप डाल देने के कारण मोटर पंप धस जाने से यह योजना पूरी तरह बंद पड़ी हुई है और गांव को जो एक हेडपंप था वह भी खराब हो गया है। एक तो पानी टंकी से पानी की सप्लाई नहीं किया जा रहा है तो दूसरी ओर हैंडपंप भी खराब हो गया है, सरपंच खेलन दीवान, वरिष्ठ नागरिक परमेश्वर नेगी, रूपसिंह यादव, चौनसिंह नेताम खोलुराम, अंकुराम, बंशीलाल ने बताया कि नल जल योजना पुरी तरह फ्लाप साबित हुआ है शिकायत के बाद भी अफसर ध्यान नही दे रहे है।

### बरती जा रही कार्यों में लापरवाही

पूर्व भाजपा विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्यों में लापरवाही बरता जा रहा है जबकि केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार सभी लोगो तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने बहुत बढिया योजना चालू किया है इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे और जांच की मांग करेंगे।

### मिली है शिकायत

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग गरियाबंद के पास जल जीवन मिशन के सफलता के कागजी आंकड़े बहुत है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ भी नहीं है। मैं जनसम्पर्क में गांव में पहुंचता हूं तो हर जगह लगभग जल जीवन मिशन योजना के घटिया निर्माण कार्यों के साथ पानी नहीं आने की शिकायत ग्रामीण करते हैं।

**-जनक ध्रुव,** बिन्द्रानवागढ़ विधायक

### किया जा रहा है समाधान

क्षेत्र में 168 ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल सप्लाई के लिए राशि स्वीकृत हुआ है। उन्होने कहा कि सभी जगह निर्माण कार्य किया जा रहा है, 30-40 ग्रामों में जल जीवन मिशन से पानी भी प्रारंभ भी हो गया है। कई स्थानों पर ट्रेसिंग का कार्य किया जा रहा है जहां जो समस्या आ रही है ठीक किया जा रहा है।

**-गोपाल ध्रुव,** सब इंजीनियर

### टंकी निर्माण अधूरा

ग्राम शोभा में पिछले डेढ वर्षो से जल जीवन मिशन के टंकी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है कई बार शिकायत कर थक चुके हैं।

**-संजय नेताम,** जिला पंचायत उपाध्यक्ष

---

## शिक्षक सुखीराम को ग्रामिणों ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)




ग्राम करकरा के मिडिल स्कूल में पदस्थ प्रधान पाठक सुखीराम साहू द्वारा 41 वर्ष तक सफल व गौरवमयी शिक्षकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर मिडिल स्कूल प्राथमिक शाला सतनामी पारा प्राथमिक शाला करकरा एवं ग्रामिणों द्वारा संयुक्त रूप से बिदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुखीराम साहू प्रधान पाठक थे अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच कुमारी बाई ध्रुव ने की विशेष अतिथि उपसरपंच बिदेशी राम निषाद तथा ग्रामीण समिति करकरा से मेघनाथ पटेल हेमराज पटेल परदेशी राम निषाद नरसिंग पटेल और शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष थानेश्वर यादव उपाध्यक्ष नोहर साहू थे। सरस्वती पूजन वंदन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ सभी वक्ताओं ने सेवानिवृत्त शिक्षक को स्वस्थ दीर्घायु रहने एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में शायरी एवं गीत के माध्यम से बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्टाफ के शिक्षकों द्वारा शाल श्रीफल गीता ग्रंथ कोट घड़ी अंग वस्त्र व अन्य उपहार भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन टुमन निषाद सर ने किया एवं आभार प्रदर्शन कुमेश ध्रुव ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिलिप देवांगन प्रधान पाठक, पुष्पा ठाकुर, रेणुका सोनी, गजेन्द्र साहू, रामेश्वर ध्रुव, एल एन मांडले, केजूराम पटेल, पीलसिंग जांगड़े, ओमप्रकाश निषाद, कामता पटेल, कुमार साहू, सुखू निषाद, रुमाबाई पटेल, निर्मला पटेल, तोरण बाई, तिलक पटेल, दुर्गीन, दुलारी, गौरी, ईश्वरी पटेल, लखन निषाद, लिलेश पटेल, बीणा साहू, बबली पटेल, भुनेश्वरी साहू, तनीशा पटेल, रुबीना पटेल, प्रेमलाल पटेल, नंदकुमार पटेल, पूनम निषाद, टिकेश्वरी, मोना निषाद एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बिजली कर्मचारियों ने पीपल बरगद, नीम के पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम



शुक्रवार को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड नवापारा-राजिम संभाग के संभागीय, उपसंभाग एवं वितरण केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा फलदार पौधे रोपे गए। यह वृक्षारोपण कार्यालय परिसर में किया गया जिसमें बरगद, पीपल, नीम, अमरूद, सीताफल, बेल, जामुन, अशोक जैसे छायादार और फलदार पौधे रोपे गए। वृक्षारोपण के साथ इनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यपालन यंत्री एस के गुप्ता के संरक्षण एवं सहायक यंत्री एम एल सिन्हा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन नवापारा, राजिम के अधिकारी गण सहायक यंत्री एम के शुक्ला, एस के साहू, श्रीमती ममता ध्रुव, कनिष्ठ यंत्री महादेव देवांगन, जानसन बंजारे, ओमेश चंद्राकर, ढालेंद्र ठाकुर, धीरेंद्र राणा, आदित्य वर्मा, क्षितिज साव सहित संभाग के कर्मचारी लोमेंद्र तिवारी, विजेंद्र वर्मा, संतोष जोशी, मेघनाथ साहू, गजेंद्र साहू, अविनाश साहू, धनेंद्र देवांगन, महेश्वर साहू, अशोक साहू, जीतेश सोनी, तुलसी दिवाकर, योगेंद्र सिन्हा, सेवक ठाकुर, जयप्रकाश साहू, लीकेश निर्मलकर, रतनू निषाद, पुरषोत्तम विश्वकर्मा, ओंकार साहू, ऋषि साहू, वेदप्रकाश साहू, हिदेश्वर साहू, अंकिता साहू, रूखमणी साहू, रानी सिंह शामिल थे। पौधरोपण का यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना एक पेड़ मां के नाम को लेकर किया गया।

## मितानिन प्रोत्साहन राशि के भुगतान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ .फिंगेश्वर





शुक्रवार को नवा सौगात कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा मितानिनों का प्रोत्साहन राशि का भुगतान सीधे राज्य स्तर से ऑनलाइन माध्यम से उनके बैंक खाते में डालकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर राजिम में मितानीनों को दिखाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यअतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश यादव एवं अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव फिगेश्वर थे। कार्यक्रम में विकासखंड की समस्त मितानीने, मितानिन प्रशिक्षक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर व्हीके हिरौंदीया बीपीएम सौरभ बिरमानी, बीईटीओ योगेश पराना, पर्वेक्षक आशा पोद्दार, लेख राम वर्मा, धर्मवती वर्मा, उत्तम साहू, उदित ध्रुव, चंचल गोस्वामी, प्रकाश साहू एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### दुल्ला की आंबा में पौधारोपण



**छुरा।** ग्राम पंचायत दुल्ला के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में केसरी नोहर ध्रुव के मुख्य आतिथ्य में पौधारोपण किया गया। साथ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अहिल्या चन्द्राकर, सहायिका मंगली बाई ठाकुर, मुख्य अतिथि केसरी ध्रुव ने कहा कि पेड़ हमारे शरीर का एक हिस्सा है। पेड़ से हमें आक्सीजन मिलता है। जन्म मरण में हमें पेड़ लगाना चाहिए। पौधारोपण के बाद मुख्य अतिथि द्वारा शपथ दिलवाई गई।

---

**स्टॉप डायरिया कैंपेन के अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियां**

## बच्चों को दस्त होने पर दें जिंक और ओआरएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

- बच्चों को दस्त की रोकथाम एवं बचाव की दी जानकारी



जिले में स्टॉप डायरिया कैंपेन 1 जुलाई से शुरू हो चुका है, जो 31 अगस्त तक पूरे 2 महीने तक चलेगा। बच्चों में मृत्यु का एक प्रमुख कारण डायरिया या दस्त है, जिसका समय पर निदान और उपचार से बच्चों की मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। इसी कारण बच्चों में डायरिया या दस्त से होने वाली मृत्यु की रोकथाम हेतु स्टॉप डायरिया कैंपेन या दस्त रोको अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर गार्गी यदु पॉल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के दौरान जिले के सभी विकासखण्डों में 0 से 05 वर्ष के बच्चों के घरों में भेंट कर मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा ओआरएस पैकेट और 14 दिनों का जिंक की गोलियां प्रदाय की जा रही है। साथ ही बच्चों के माता- पिता एवं पालकों को ओआरएस घोल बनाने दस्त के समय पिलाने तथा हाथ धुलाई और स्वच्छता, शिशु पोषण एवं आहार- व्यवहार के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। डायरिया से पिड़ति बच्चों में गंभीर लक्षणों की पहचान कर उनके उपचार प्रबंधन के संबंध में बताया जा रहा है।

विशेष रूप से डायरिया के कारण बच्चों में होने वाला निर्जलीकरण जिसमें शरीर में पानी की कमी हो जाती है के उपचार हेतु ओआरएस की उपयोगिता तथा ओआरएस उपलब्ध ना होने पर घर पर ही जीवन रक्षक घोल तैयार करने के बारे में भी बताया जा रहा है। इसके अतिरिक्त डायरिया नियंत्रण के लिए मैदानी स्वास्थ्य कर्मीयों और मितानिनों द्वारा स्कुलों आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्वच्छता, दस्त की रोकथाम एवं बचाव, भोजन के पहले एवं शौच के बाद साबुन या हैंडवाश से हाथ धुलाई के तरीके के साथ ओआरएस घोल बनाने और दस्त के समय उसका उपयोग करने के बारे में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जानकारी देते हुए जनजागरूता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। इसी क्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जड़जड़ा में शिक्षकों, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में ग्रामिण स्वास्थ्य संयोजक हेमलता देवांगन तथा सीएचओ रूपमाला राउड के द्वारा हाथ धुलाई के तरीके बताते हुए बच्चों को अभ्यास कराया गया और ओआरएस घोल तैयार करना सिखाया गया तथा दस्त की रोकथाम एवं उपचार के संबंध में बताया गया। जिले के सभी प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में ओआरटी कार्नर स्थापित कर निःशुल्क जिंक टैबलेट एवं ओआरएस का वितरण किया जा रहा है।

## शाला विकास समिति का हुआ गठन, सदस्यों ने लगाए पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा



संकुल केंद्र कोपरा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला मुड़तराई में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन कर सदस्यों को मनोनीत किया गया। सभी सदस्यों ने शाला परिसर में पौधारोपण कर नए कार्यकाल की शुरूआत की। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में अध्यक्ष टेमन यादव, उपाध्यक्ष मीना वर्मा, शिक्षाविद हुलास राम साहू, पंचायत प्रतिनिधि नीरा साहू, सदस्यगण फुलेल वर्मा, इंदल ध्रुव,योगानंद ध्रुव, टाल सिंह ध्रुव तथा प्राथमिक विद्यालय में अध्यक्ष उदल सिंह कंवर, उपाध्यक्ष कुंती वर्मा, जगेश्वरी यादव, रोहित ध्रुव, पूर्णिमा वर्मा आदि को मनोनीत किया गया। इस दौरान शिक्षकगण आशाराम साहू, रुपेश वर्मा, द्विजराम जांगड़े सहित सभी पालकों ने शाला प्रबंधन समिति के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।